झारखण्ड सरकार
खान एवं भूतत्व विभाग
भूतत्व निदेशालय
अभियंत्रण छात्रावास–2, द्वितीय तल, धुर्वा, राँची
फोन–0651–3511681, ई–मेल–dir-geology@jharkhandmail.gov.in

# अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

भूतत्व निदेशालय, खान एवं भूतत्व विभाग, झारखण्ड, राँची के सरकारी प्रयोग यथा भूतात्विक अन्वेषण, भूतात्विक स्थल का निरीक्षण, सरकारी कार्य एवं अन्य क्षेत्रीय कार्य सहित निदेशक, भूतत्व हेतु इच्छुक व्यक्ति/स्थानीय निबंधित ट्रैवल एजेंसियों से मासिक/दैनिक किराया पर विशिष्ट वाहनों को आवश्यकतानुसार मासिक एवं दैनिक किराया पर परिचालन हेतु निविदा आमंत्रित करती है।

1. **विज्ञापन दाता का नाम**– भूतत्व निदेशालय, खान एवं भूतत्व विभाग, झारखण्ड, राँची।
2. **निविदा सूचना प्रकाशन की तिथि**– दिनांक– 09.03.2026 ।
3. **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि**– दिनांक– 23.03.2026 को 04:00 बजे अपराह्न तक।
4. **निविदा खोलने की तिथि एवं समय**– दिनांक– 24.03.2026 को 12:00 बजे पूर्वाहन में।

इच्छुक निविदादाता निविदा हेतु निविदा दस्तावेज एवं विस्तृत Terms and Conditions को खान एवं भूतत्व विभाग, झारखण्ड, राँची के **वेबसाइट** ***https://www.jharkhand.gov.in*** से प्राप्त कर सकते हैं।

ह0/–

**निदेशक, भूतत्व**
**भूतत्व निदेशालय**
**खान एवं भूतत्व विभाग**
**झारखण्ड, राँची**

# झारखण्ड सरकार
# खान एवं भूतत्व विभाग
# भूतत्व निदेशालय
## अभियंत्रण छात्रावास–2, द्वितीय तल, धुर्वा, राँची
**फोन–0651–3511681, ई–मेल–dir-geology@jharkhandmail.gov.in**

# निविदा आमंत्रण सूचना

भूतत्व निदेशालय, खान एवं भूतत्व विभाग, झारखण्ड, राँची के सरकारी प्रयोग यथा भूतात्विक अन्वेषण, भूतात्विक स्थल का निरीक्षण, सरकारी कार्य एवं अन्य क्षेत्रीय कार्य सहित निदेशक, भूतत्व हेतु इच्छुक व्यक्ति/स्थानीय निबंधित ट्रैवल एजेंसियों से मासिक/दैनिक किराया पर विशिष्ट वाहनों को आवश्यकतानुसार मासिक एवं दैनिक किराया पर परिचालन हेतु निविदा आमंत्रित करती है।

| कार्य का विस्तार | निविदा दस्तावेज की राशि (रू0) (Non- refundable) | Bank Guarantee (रू0) |
|---|---|---|
| भूतत्व निदेशालय, खान एवं भूतत्व विभाग, झारखण्ड, राँची के सरकारी प्रयोग यथा भूतात्विक अन्वेषण, भूतात्विक स्थल का निरीक्षण, सरकारी कार्य एवं अन्य क्षेत्रीय कार्य सहित निदेशक, भूतत्व हेतु इच्छुक व्यक्ति/स्थानीय निबंधित ट्रैवल एजेंसियों से मासिक/दैनिक किराया पर विशिष्ट वाहनों को आवश्यकतानुसार मासिक एवं दैनिक किराया पर परिचालन हेतु निविदा आमंत्रित करती है। | रू0 2,000.00 | रू0 25,000.00 |

**अनुसूची/कार्यक्रम**

| | |
|---|---|
| निविदा सूचना की संख्या | 11/2025-26 |
| निविदा सूचना प्रकाशन की तिथि | 09.03.2026 |
| निविदा दस्तावेज की उपलब्धता | भूतत्व निदेशालय की अधिकारिक वेबसाइट *https://www.jharkhand.gov.in* पर उपलब्ध। |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 23.03.2026 को अपराह्न 04:00 बजे तक |
| निविदा दस्तावेज की लागत जमा करने का तरीका | To be paid through e-payment service of Govt. of Jharkhand. It will be deposited online through official website www.jharkhandminerals.gov.in➔ Other & Services ➔ e Payment ➔Payment office (Directorate of Geology) ➔ Head of Payment (Cost of Tender Document) ➔ Description ➔ Type of Depositor (Other) ➔ District Name (Directorate of Geology) ➔ DDO Code (PRJOTH002) |
| सुरक्षित राशि जमा करने का तरीका | Bank Guarantee कार्यादेश दिये जाने के उपरान्त समर्पित किया जायेगा। |
| निविदा जमा करने का तरीका | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि/समय से पहले हार्ड कॉपी निम्नलिखित पते पर स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा करेः– **भूतत्व निदेशालय, अभियंत्रण छात्रावास–2, द्वितीय तल, धुर्वा, राँची, पिनकोड–834004** |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 24.03.2026 को 12:00 बजे पूर्वाहन |
| सम्पर्क व्यक्ति/हेल्पलाईन नम्बर | 7903425507<br>भूतत्व निदेशालय (सुबह 11 बजे से शाम 06 बजे तक) |

**ह0/–**
**निदेशक, भूतत्व**
**खान एवं भूतत्व विभाग**
**झारखण्ड, राँची**

## विषय सूची


| क्र0 | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| **1.** | निविदा हेतु आवेदन | 1 |
| **2.** | इच्छुक आपूर्त्तिकर्त्ताओं के पंजीकरण के लिये आवदेन पत्र | 2 |
| **3.** | आवश्यक वाहन, ईंधन तथा पंजीयन का प्रकार | 3 |
| **4.** | कार्य का विस्तार | 3 |
| **5.** | निविदा जमा करने का तरीका | 3 |
| **6.** | निविदादाता का उत्तरदायित्व एवं शर्त्ते | 4-6 |
| **7.** | भुगतान का प्रकार | 7 |
| **8.** | दण्ड | 7 |
| **9.** | निविदा की शर्त्ते | 8 |
| **10.** | अनुबंध की अवधि (Duration of Contract) | 8 |
| **11.** | सेवा की समाप्ति (Termination of Contract) | 8 |
| **12.** | विवाद समाधान (Dispute Resolution) | 9 |
| **13.** | न्यायालय का क्षेत्राधिकार (Jurisdiction of Court) | 9 |
| **अनुसूची–I** | तकनीकी निविदा दस्तावेज | 10 |
| **अनुसूची–II** | वित्तीय निविदा दस्तावेज | 11 |
| **अनुसूची–III** | **Bank Guarantee Format of Tender Security/Performance Security** | 12-13 |
| **अनुसूची–IV** | **DECLARATION** | 14 |
| **अनुसूची–V** | घोषणा पत्र | 15 |

# 1. निविदा हेतु आवेदन

(***On the Letter Head of the Bidder***)

सेवा में,

निदेशक, भूतत्व
भूतत्व निदेशालय,
खान एवं भूतत्व विभाग,
झारखण्ड, राँची।

**विषयः– निविदा संख्या ........................................ में भाग लेने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि भूतत्व निदेशालय, खान एवं भूतत्व विभाग, झारखण्ड, राँची के सरकारी प्रयोग यथा भूतात्विक अन्वेषण, भूतात्विक स्थल का निरीक्षण, सरकारी कार्य एवं अन्य क्षेत्रीय कार्य सहित निदेशक, भूतत्व हेतु इच्छुक व्यक्ति/स्थानीय निबंधित ट्रैवल एजेंसियों से मासिक/दैनिक किराया पर विशिष्ट वाहनों को आवश्यकतानुसार मासिक एवं दैनिक किराया पर परिचालन हेतु उपलब्ध कराने को इच्छुक हूँ। मैं/मेरी एजेंसी वाहन परिचालन हेतु प्रकाशित निविदा की सारी अर्हता रखता हूँ/रखती है।

मेरे द्वारा निविदा से संबंधित सभी सूचना विहित प्रपत्र में निविदा दस्तावेज के साथ उपलब्ध कराई जा रही है।

अतः अनुरोध है कि मेरा आवेदन स्वीकार करने की कृपा की जाय।

**एजेंसी/प्रतिष्ठान/आवेदक का नाम, हस्ताक्षर एवं मोहर**

## 2. इच्छुक आपूत्तिकर्त्ताओं के पंजीकरण के लिये आवदेन पत्र

*(आवेदनकर्त्ता द्वारा भरा जायेगा)*

1. आवेदक की विधिक स्थिति (व्यक्तिगत / पार्टनरशिप / कम्पनी) – ................................
2. आवेदक का नाम / पार्टनरशिप फर्म / कम्पनी / एजेन्सी का नाम –................................

   *(कृपया आवेदक आईडी यथा आधार कार्ड, चालक लाईसेन्स, पासपोर्ट, वोटर आईडी आदि संलग्न करें।)*
3. पता–..........................................................................................................................................

   ..........................................................................................................................................

   ..........................................................................................................................................
4. दूरभाष नम्बर / मोबाईल नम्बर–....................................................................................
5. ईमेल (आवश्यक)–..........................................................................................................
6. जीएसटी नम्बर (आवश्यक)–............................................................................................
7. पार्टनरशिप फर्म / कम्पनी / एजेन्सी का जीएसटी रजिस्ट्रेशन नम्बर –..........................
8. आवेदक / पार्टनरशिप फर्म / कम्पनी / एजेन्सी का पैन नम्बर (आवश्यक)–....................
9. निविदा दस्तावेज क्रय राशि का विवरण –..................................................(शब्दों में .......
   ........................................................................................................................)

   चालान नम्बर ........................................................ दिनांक......................................................

   बैंक का नाम एवं शाखा.........................................................................................................

**एजेंसी / प्रतिष्ठान / आवेदक का नाम, हस्ताक्षर एवं मोहर**

## 3. आवश्यक वाहन, ईंधन तथा पंजीयन का प्रकारः–

| क्रमांक | वाहन का प्रकार | ईंधन का प्रकार | पंजीयन वर्ष / प्रकार |
|---|---|---|---|
| 1 | Maruit Suzuki Ciaz | Petrol/Diesel | 2025 or 2026 (Commercial) |
| 2 | Hyundai Verna | Petrol/Diesel | 2025 or 2026 (Commercial) |
| 3 | Mahindra Bolero/Neo | Petrol/Diesel | 2025 or 2026 (Commercial) |
| 4 | Maruti Swift Dezire | Petrol/Diesel | 2025 or 2026 (Commercial) |

*उपर्युक्त उल्लेखित सभी वाहनों के लिए न्यूनतम मूल्य निर्धारण हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। न्यूनतम दर प्रस्तुत करने वाले निविदादाता को वाहन आपूर्ति में प्राथमिकता दी जायेगी। न्यूनतम दर प्रस्तुत करने वाले निविदादाता के द्वारा वांछित संख्या में वाहन उपलब्ध नहीं कराने की स्थिति में सरकारी कार्यहित तथा कार्य की आश्यकता के आधार पर अन्य इच्छुक तथा न्यूनतम दर पर सहमत निविदादाता को भी वाहन आपूर्ति का आदेश दिया जा सकेगा। आपूर्ति हेतु उपर्युक्त उल्लेखित वाहन/वाहनों की संख्या* ***न्यूनतम एक*** *तथा* ***महतम पाँच*** *होगी। विशेष परिस्थिति में अल्पकालीन अवधि के लिए पाँच से अधिक वाहनों की भी आपूर्ति हेतु आदेश दिया जा सकता है। वाहन/वाहनों का परिचालन झारखंड राज्य अंतर्गत सभी जिलों में किया जाएगा।*

## 4. कार्य का विस्तार

भूतत्व निदेशालय, खान एवं भूतत्व विभाग, झारखण्ड, राँची के द्वारा सम्पूर्ण राज्य में किये जाने वाले भूतात्विक अन्वेषण, भूतात्विक स्थल का निरीक्षण, सरकारी कार्य एवं अन्य क्षेत्रीय कार्य हेतु वाहनों के मासिक/दैनिक किराया पर चालक सहित परिचालन हेतु इच्छुक व्यक्ति/स्थानीय निबंधित ट्रैवल एजेंसियों से प्राप्त करनी है। अनुबंध की अवधि **एक साल** के लिए मान्य होगी तथा निदेशक, भूतत्व को यह अधिकार सुरक्षित होगा कि सेवा के गुणवत्ता के आधार पर उक्त अवधि को उसी दर पर यथा निर्धारित नियम एवं शर्तों के अधीन **एक–एक वर्ष के लिए (अधिकतम तीन वर्ष तक के लिये)** विस्तारित की जा सकती है।

## 5. निविदा जमा करने का तरीका –

इच्छुक निविदादाता को निम्न प्रकार निविदा दस्तावेज समर्पित करना होगा–

(i) वित्तीय निविदा में प्रत्येक वाहन के लिये दर शामिल होगा। निविदादाता के द्वारा वाहन के लिए इकाई दर अंकित करते हुए मोहर बन्द लिफाफे में जमा करना अनिवार्य होगा (**अनुसूची–II**)।

(ii) सभी निविदादाता को पंजीकरण आवेदन में अंकित सभी दस्तावेज की मूल प्रति निश्चित रूप से संलग्न करनी होगी।

(iii) सभी निविदादाता को एक स्वीकरण पत्र (Undertaking) समर्पित करना होगा कि आपूर्ति आदेश प्राप्त होने के 15 दिनों के अन्दर Bank Guarantee के साथ वांछित वाहन की आपूर्ति भूतत्व निदेशालय को करना सुनिश्चित करेंगे।

## 6. निविदादाता का उत्तरदायित्व एवं शर्त्ते :–

1. आपूर्त्तिकर्त्ता को कार्य के संबंध में परिवहन विभाग या अन्य सरकारी विभाग द्वारा निर्धारित विभिन्न अधिनियमों/नियमों यथा श्रम अधिनियम, न्यूनतम पारिश्रमिक अधिनियम, पीएफ, ईएसआई, मोटरयान अधिनियम एवं संबंधित अन्य सभी अधिनियम एवं प्रावधानों आदि में निहित व्यवस्थाओं/नियमों/औपचारिकताओं का पालन अनिवार्य रूप से करना होगा।
2. आपूर्त्तिकर्त्ता द्वारा जो भी वाहन भाड़े पर उपलब्ध कराया जाएगा, उसके साथ–साथ वाहन का **वाणिज्यिक निबंधन** की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, वाहन के **बीमा भुगतान** की रसीद तथा अद्यतन **पथकर भुगतान** की रसीद की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
3. आपूर्त्तिकर्त्ता द्वारा करार के दौरान कोई भी वाहन जो पूर्व में दुर्घटनाग्रस्त हुआ हो की आपूर्त्ति नहीं की जाएगी।
4. आपूर्त्तिकर्त्ता द्वारा अंकित दर चालक, वाहन का रख–रखाव व्यय आदि सहित होंगे तथा प्रस्तुत दर के आधार पर न्यूनतम दर प्रस्तुत करने वाले निविदादाता का चयन किया जाएगा।
5. आपूर्तिकर्ता को वाहन की प्रतिदिन की प्रविष्टियों का लॉग बुक संधारण करना होगा *(यथा आरंभ कि0मी0 रीडींग, अंत कि0मी0 रीडिंग, कुल तय की गई दूरी, आरंभ समय तथा अंत समय प्रतिदिन)*। वाहन के प्रत्येक परिचालन पर चालक एवं वाहन उपयोग करने वाले पदाधिकारी/कर्मचारी का हस्ताक्षर अंकित होना चाहिए। सभी लॉग बुक भूतत्व निदेशालय को जमा करना होगा एवं यह एक सरकारी दस्तोवज की तरह संधारित होगा।
6. ईंधन (पेट्रोल/डीजल) की आपूर्ति भूतत्व निदेशालय द्वारा की जा सकती है। इसके अतिरिक्त वाहन के रख–रखाव से संबंधित मोबिल, ब्रेक ऑयल, गीयर ऑयल आदि पर होने वाले व्यय का वहन आपूर्तिकर्त्ता द्वारा किया जायेगा।
7. आपूर्तिकर्त्ता द्वारा भाड़े पर दिए गए वाहन भूतत्व निदेशालय, खान एवं भूतत्व विभाग, झारखण्ड, राँची अथवा इसके संबद्ध क्षेत्रीय कार्यालयों में संबंधित पदाधिकारी के निदेशानुसार ही परिचालित किये जाऐंगे तथा अनुबंध की अवधि में आपूर्तिकर्ता द्वारा वाहन का उपयोग नहीं किया जाएगा।
8. आपूर्तिकर्त्ता का यह दायित्व होगा कि चालक के पास पर्याप्त धनराशि (Cash)

उपलब्ध हो ताकि यात्रा के दौरान मरम्मत, टोल टैक्स, प्रवेश कर, पार्किंग चार्ज अथवा वाहन संबंधित अन्य व्यय किया जा सके।

**9.** सभी प्रकार के टोल टैक्स, प्रवेश कर, पार्किंग चार्ज आदि का भुगतान आपूर्तिकर्त्ता द्वारा किया जाएगा और उसकी प्रतिपूर्त्ति वास्तविक व्यय का प्रमाण प्रस्तुत करने पर भूतत्व निदेशालय द्वारा की जाएगी।

**10.** आपूर्त्तिकर्त्ता यह सुनिश्चित करेंगे कि ऐसे चालक जो नशे के सेवन का आदि हो या खतरनाक ढंग से वाहन चलाने वाला हो, को वाहन पर सेवायोजित नहीं किया जाए।

**11.** आपूर्तिकर्त्ता द्वारा आपूर्ति किये जाने वाले वाहन का **रंग सफेद होना अनिवार्य** होगा। विशेष परिस्थिति में किसी अन्य रंग का वाहन अस्थायी रूप से स्वीकार किया जा सकेगा।

**12.** वाहन में उत्कृष्ट क्वालिटी के सीट कवर, फुटमैट, साफ तौलिया, रेडियो, कार परफ्यूम, मोबाईल चार्जर, छाता आदि उपलब्ध रहना चाहिए। आपूर्तिकर्त्ता को प्रत्येक सप्ताह वाहन में लगे तौलिया को धुलाई कराना होगा।

**13.** वाहन को सुरक्षित रखने की सारी जिम्मेवारी आपूर्तिकर्त्ता एवं चालक की होगी।

**14.** वाहन अथवा वाहन चालक को बदलने से पूर्व आपूर्तिकर्ता को सक्षम पदाधिकारी से अनुमति प्राप्त करनी होगी तथा बिना अनुमति के आपूर्तिकर्ता द्वारा चालक अथवा वाहन को नहीं बदला जाएगा।

**15.** वाहन पर तैनात किये जाने वाला चालक वैध व्यवसायिक लाईसेन्स धारक (LMV का) होना चाहिए। वाहन का चालक वाहन चलाने की दृष्टि से हृष्ट–पुष्ट (Medically Fit) एवं पर्याप्त अनुभवी और वाहन चलाने में दक्ष होना चाहिए। चालक का आचरण मृदुभाषी, अनुशासित होना अपरिहार्य है।

**16.** यदि वाहन चालक अपने कर्त्तव्य का पालन उचित ढंग से करने में असमर्थ है अथवा उसका आचरण एवं कार्य संतोषजनक नहीं है, को हटाने हेतु आपूर्त्तिकर्त्ता को निर्देशित किया जा सकता है। ऐसी स्थिति में आपूर्तिकर्त्ता को तत्काल दूसरे चालक की व्यवस्था करनी होगी।

**17.** वाहन के टायर बैट्री, हैडलाईट बीम, ब्रेक, इन्डिकेटर, वाईपर, शीशा, दरवाजे एवं अन्य समस्त एसेंसरीज उचित एवं उत्कृष्ट गुणवत्ता के होने चाहिए।

**18.** वाहन नियमानुसार परिवहन कार्यालय में पंजीकृत होनी चाहिए तथा करार की अवधि में वाहन के समस्त प्रपत्र यथा **पंजीयन, परमिट, फिटनेस, बीमा,**

**प्रदूषण प्रमाण पत्र** आदि वैध एवं अद्यतन होने चाहिए। इन सभी प्रकार के प्रमाण पत्रों तथा चालक की वर्दी एवं लाइसेंस से संबंधित व्यय आपूर्तिकर्त्ता के द्वारा वहन किये जायेगें।

**19.** वाहन से संबंधित सारे कागजात (चालक के वैध व्यवसायिक लाइसेंस तथा आधार कार्ड सहित) चालक के जिम्में होना चाहिए तथा सभी की अभिप्रमाणित प्रति भूतत्व निदेशालय को भी उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

**20.** चालक का आचरण अपराध रहित होना चाहिए। भूतत्व निदेशालय द्वारा आवश्यकता पड़ने पर चालक का पुलिस वेरिफिकेशन कराया जा सकता है। चालक को स्थानीय भाषा का ज्ञान होना चाहिए।

**21.** किसी भी परिस्थिति में चालक को भोजन एवं ठहरने की व्यवस्था वाहन मालिक के द्वारा ही किया जायेगा।

**22.** वाहन उपयोग के दौरान वाहन चालक अथवा वाहन के किसी प्रकार दुर्घटना होने के पश्चात् आवश्यक कार्रवाई वाहन प्रदाता द्वारा की जायेगी एवं होने वाली क्षति की **प्रतिपूर्ति का दायित्व भूतत्व निदेशालय का नहीं** होगा।

**23.** मार्ग में दुर्घटना की स्थिति में किसी प्रकार के चिकित्सा बीमा, मुआवजा एवं अन्य विधिक आवश्यकताओं का अनुपालन संबंधित आपूर्तिकर्त्ता द्वारा किया जाएगा।

**24.** आपूर्तिकत्ता द्वारा किसी भी दशा में कार्य को पुर्नठेके (Sub-let) पर नहीं दिया जाएगा।

**25.** वाहन में नियमानुसार स्टेपनी, टूल किट, फर्स्ट एड बॉक्स तथा आग बुझाने का यंत्र (Fire Extinguisher) भी आपूर्तिकर्त्ता द्वारा स्वयं के व्यय पर रखना आवश्यक है।

**26.** वाहन का उपयोग सामान्यतः कार्य दिवसों में किया जायेगा। परन्तु आवश्यकता पड़ने पर वाहन का उपयोग किसी भी समय 24x7 (अवकाश के तिथियों सहित) किया जा सकता है।

**27.** भूतत्व निदेशालय द्वारा निर्धारित किराया एवं उसपर देय GST के अलावे आपूर्त्तिकर्त्ता को अलग से किसी भी तरह की राशि देय नहीं होगी।

**28.** बिना कारण बताये **निविदा को पूर्ण रूप से अथवा आंशिक रूप** से संशोधित करने/रद्द करने का अधिकार **निदेशक, भूतत्व** को सुरक्षित होगा।

## 7. भुगतान का प्रकार :–

1. आपूर्त्तिकर्त्ता को वाहन के परिचालन से संबंधित राशि का भुगतान हेतु विपत्र प्रस्तुत करना होगा। विपत्र का सत्यापन संबंधित कार्यालय से प्राप्त होने के उपरान्त भूतत्व निदेशालय के किसी भी कार्यालय जिसके अन्तर्गत यान का परिचालन होगा वहाँ से भुगतान किया जा सकेगा।
2. वाहन का संतोषजनक परिचालन नहीं रहने की स्थिति में संबंधित पदाधिकारी संबंधित वाहन का मासिक या आंशिक भुगतान अवरूद्ध रखने हेतु स्वतंत्र होगें।
3. वाहन के मासिक विपत्र से अनुमान्य आयकर तथा सरकार को देय करों की कटौती नियमानुसार की जाऐगी।
4. आपूर्त्तिकर्त्ता को ससमय GST Return फाईल करना अनिवार्य होगा। इस संबंध में भूतत्व निदेशालय अथवा संलग्न कार्यालय उत्तरदायी नही होंगे।
5. आवंटन के अभाव में प्रस्तुत विपत्र के भुगतान में विलम्ब हो सकता है। विलम्ब की अवधि में किसी भी प्रकार की राशि का दावा स्वीकार नहीं होगा।

## 8. दण्ड–

1. वाहन में किसी प्रकार की खराबी होने पर वाहन प्रदाता को अविलंब उसी प्रकार के वाहन की वैकल्पिक व्यवस्था समय सीमा के अंदर करनी होगी।
2. आपूर्त्तिकर्त्ता को एकरारनामा संपादित होने के उपरांत अविलंब वाहन की आपूर्ति करनी होगी। यदि आपूर्त्तिकर्त्ता वाहन की आपूर्ति करने में सक्षम नहीं होंगे तो उनका अनुबंध/एकरारनामा समाप्त कर दिया जाऐगा तथा उनकी अग्रधन राशि जब्त कर ली जाऐगी।
3. यदि कोई चालक अपने कर्तव्य पर उपस्थित नहीं होता है तो आपूर्त्तिकर्त्ता को उसके स्थान पर अविलंब अन्य किसी चालक की सुविधा उपलब्ध करानी होगी।
4. Traffic Rules का उल्लंघन करने पर जुर्माना की राशि वाहन प्रदाता के द्वारा देय होगा।
5. आपूर्त्तिकर्त्ता द्वारा उपलब्ध कराया गया किसी प्रकार की सूचना, कागजात, अभिलेख आदि किसी भी समय गलत पाया जाता है तो आपूर्त्तिकर्त्ता के विरूद्ध भूतत्व निदेशालय के द्वारा विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई की जा सकेगी। दण्ड के रूप में Bank Guaranty की राशि को जब्त करना, ब्लैकलिस्ट करना आदि भी शामिल है।

## 9. निविदा की शर्त्तें :–

1. सफल निविदादाता/निविदादाताओं को अग्रधन के रूप में रूपये 25000.00 (पच्चीस हजार रूपये) मात्र निदेशक, भूतत्व, भूतत्व निदेशालय, खान एवं भूतत्व विभाग, झारखण्ड रांची के नाम से Bank Guarantee (**अनुसूची–III**) जमा करना अनिवार्य होगा।

2. आपूर्त्तिकर्त्ता के अग्रधन की राशि सुरक्षित जमा रख ली जायेगी एवं अनुबंध समाप्ति के उपरांत बिना किसी ब्याज के वापस लौटा दी जायेगी।

3. भागीदारी फर्म/कम्पनी की दशा में आवेदन तथा अन्य प्रपत्रों पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति को पॉवर ऑफ अटार्नी भी संलग्न करना अनिवार्य होगा।

4. आपूर्त्तिकर्त्ता को इस आशय का **नोटरी द्वारा अभिप्रमाणित शपथ पत्र** संलग्न करना **(अनुसूची–IV)** अनिवार्य होगा कि आवेदक का नाम शासन केन्द्र सरकार, राज्य सरकार के किसी अन्य विभाग, निगम अथवा वित्त आयुक्त, झारखण्ड की काली सूची में अंकित नहीं है।

5. ज्वाईंट वेंचर्स की अनुमति नहीं है।

**10. अनुबंध की अवधि (Duration of Contract)** :– अनुबंध की अवधि एक साल के लिए मान्य होगी तथा निदेशक, भूतत्व को यह अधिकार सुरक्षित होगा कि एक वर्ष के लिए सम्पादित कार्य की समीक्षा के आधार पर उक्त अवधि को उसी दर पर यथा निर्धारित शर्तों के अधीन एक–एक वर्ष के लिए (अधिकतम 03 वर्ष तक के लिये) विस्तारित कर सकते है, किन्तु इसके लिए एक वर्ष के एक माह पूर्व आपूर्त्तिकर्त्ता को अवधि विस्तार के लिए आवदेन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

**11. सेवा की समाप्ति (Termination of Contract)** :– आपूर्त्तिकर्त्ता द्वारा कार्य आदेश का उल्लंघन किए जाने पर अनुबंध समाप्त करने के अलावा आपूर्त्तिकर्त्ता को काली सूची मे भी डाला जाएगा।

**12. <u>विवाद समाधान</u> (Dispute Resolution)** :– इस निविदा के अंतर्गत किसी भी विवाद या मतभेद की स्थिति में निदेशक, भूतत्व, खान एवं भूतत्व विभाग, झारखण्ड किसी वरीय पदाधिकारी को Arbitrator नियुक्त कर सकते है।

**13. <u>न्यायालय का क्षेत्राधिकार</u> (Jurisdiction of Court)** :– आपूर्तिकर्त्ता और भूतत्व निदेशालय, खान एवं भूतत्व विभाग, झारखण्ड सरकार के मध्य विवाद आदि का निपटारा माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय, राँची के अधीन किया जा सकेगा।

ह0 / –

**निदेशक, भूतत्व**
**भूतत्व निदेशालय**
**खान एवं भूतत्व विभाग,**
**झारखण्ड, राँची**

**अनुसूची–I**

## निविदा के साथ संलग्न किये जाने वाले आवश्यक दस्तावेज

निविदा संख्या:.................. दिनांक..................

स्वामी / पंजीकृत फर्म / कंपनी का नाम:

**जाँच सूची (Checklist)**

| क्र0 | ब्यौरा | अभियुक्ति |
|---|---|---|
| 1 | कंपनी / पंजीकृत फर्म / स्वामी का नाम (पंजीकरण विवरण संलग्न करें) | अनिवार्य |
| 2 | पिछले तीन वर्षों का आईटीआर | अनिवार्य |
| 3 | स्थायी खाता संख्या (पैन) | अनिवार्य |
| 4 | जीएसटी पंजीकरण संख्या (जीएसटी प्रमाण पत्र संलग्न करें) | अनिवार्य |
| 5 | संस्था का पता (मोबाईल नंबर / ईमेल के साथ) | अनिवार्य |
| 6 | मालिक / निदेशकों का नाम और पता (मोबाईल नंबर के साथ) (फर्म / कंपनी के मामले में) | अनिवार्य |
| 7 | संपर्क व्यक्ति (मोबाईल नंबर / ईमेल के साथ) | अनिवार्य |
| 8 | वाहन का पंजीकरण (वाणिज्यिक / निजी है या नहीं विवरण दें) | अनिवार्य |

**घोषणा**

मैं प्रमाणित करता / करती हूँ कि ऊपर दी गई जानकारी मेरे / हमारे ज्ञान के अनुसार सत्य और सही है। मैं समझता हूँ कि यदि किसी भी स्तर पर उपरोक्त कथन में कोई विचलन पाया जाता है, तो कंपनी के आवेदन को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार निदेशक, भूतत्व को होगा।

**एजेंसी / प्रतिष्ठान / आवेदक का नाम, हस्ताक्षर एवं मोहर**

**अनुसूची–II**

## वित्तीय निविदा दस्तावेज (FINANCIAL BID DOCUMENT)

**निविदा संख्याः......................................** **दिनांक ....................**

सेवा में,

*(निविदादाता/प्रतिष्ठान का नाम एवं पता; सम्पर्क नम्बर एवं ईमेल के साथ) :-*

**विषयः– भूतत्व निदेशालय, खान एवं भूतत्व विभाग, झारखण्ड, राँची हेतु किराया पर वाहन की आपूर्ति के संबंध में।**

मैं/हमने इस निविदा दस्तावेज में दिए गए कार्य के दायरे (Scope of Work) तथा अन्य सभी नियमों और शर्तों का अध्ययन कर लिया है और इसके अनुसार अपना दर/राशि निम्नलिखित रूप से प्रस्तुत करते हैं–

| क्र0 | वाहन का प्रकार | दर (GST/अन्य कर एवं चालक सहित) (रूपये में) | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | मासिक दर | | दैनिक दर | दर प्रति किलोमीटर |
| | | ईंधन सहित (1000 km तक के लिए) | ईंधन रहित | ईंधन रहित | ईंधन रहित |
| 1. | Maruit Suzuki Ciaz | | | | |
| 2. | Hyundai Verna | | | | |
| 3. | Mahindra Bolero | | | | |
| 4. | Mahindra Bolero-Neo | | | | |
| 5. | Maruti Swift Dezire | | | | |

**NOTE:**

- *उपर्युक्त दर/राशि में सभी लागू कर, शुल्क, सेवा शुल्क, चालक सहित तथा अन्य सभी आकस्मिक व्यय शामिल होंगे।*
- *निविदादाता यह सुनिश्चित करेगा कि उपर्युक्त दरें स्थिर (फिक्स) होंगी और अनुबंध अवधि के दौरान इनमें किसी प्रकार की वृद्धि/एस्केलेशन लागू नहीं होगी।*

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि ऊपर दी गई जानकारी मेरे/हमारे ज्ञान के अनुसार सत्य और सही है।

**एजेंसी/प्रतिष्ठान/आवेदक का नाम, हस्ताक्षर एवं मोहर**

# BANK GUARANTEE FORMAT OF PERFORMANCE SECURITY

(On Non-Judicial Stamp paper of value not less than INR------------------- )

…………………………………………………………(Name of the Bank)
Address
…………………………………………………………………………....Guarantee No………………………
A/C M/s………………………………………………… (Name of Bidder)
Date of Expiry………………………
Limit to liability (currency & amount)

…………………………………………………...
Invitation for Tender No……………………dated …………………….
For………………………………………………… (Name of Facilities)

Subject: Tender Security Bank Guarantee.

Date………………20

To

Director, Geology
Directorate of Geology
Deptt. of Mines & Geology
2nd Floor, Engineer;s Hostel No.-2, Dhurwa,
Ranchi - 834004
(Jharkhand), INDIA

Dear Sir,

In consideration of Directorate of Geology, Department of Mines & Geology Government of Jharkhand (hereinafter called "DMG") which expression shall unless repugnant to the subject of context include his successors and assigns having agreed to exempt M/s----------------(hereinafter called " Bidder") from demand under the terms & conditions of "Tender document" (hereinafter called the said "Tender document") issued by DMG vide No.________ for the work_________________ (Name of the facilities) from deposit of tender security for the due fulfillment by the Bidder of the terms and conditions contained in the said tender document on production of Bank Guarantee for INR.________ (INR ____________________ only) (figure in words).

1. We the ______________Bank Ltd. (Name of Bank) hereinafter referred to as "Bank" having our registered office at _________ (address of Bank) do hereby undertake and agree to indemnify and keep indemnified DMG to extent of INR. ___________ (INR. ________ only) (figures in words against any losses, damage cost, charges and expenses caused to or suffered by or that may be caused or suffered by DMG by reason of any breach or breaches by the Bidder of any of the terms and conditions contained in the said tender document and unconditionally pay the amount claimed by DMG on demand and without demur to the extent aforesaid.

2. We _______________ Bank Ltd do hereby undertake to pay the amounts due and payable under the guarantee without any demur merely on a demand by you stating that the amount claimed is due by way of loss or damage caused to or would be caused or suffered by you by reason of any breach by the said Bidder of any of the terms or conditions contained in the said tender document by reason of the Bidder's failure to fulfill the conditions of said tender document. Any such demand on the Bank shall be conclusive as regards the amount due and payable by the Bank under this guarantee. However, our liability under this guarantee shall be restricted to an amount not exceeding INR. __________.

3. We __________ Bank Ltd. further agree that DMG shall be the sole judge of and as to whether the Bidder has committed any breach or breaches of terms and conditions of the said tender document and the extent of loss, damages, costs, charges and expenses caused to or suffered by or that may cause to or suffered by DMG on account thereof to the extent of the tender Security required to be deposited by

   the Bidder in respect of the said document and the decision of DMG that the Bidder has committed such breach or breaches and as to the amount or amounts of loss, damages, costs, charges, and expenses

caused to or suffered by or that may be caused to or suffered by DMG shall be final and binding on us.

4. We ___________________Bank Ltd. further agree that guarantee herein contained shall remain in full force and effect during the period that would be taken for the performance on the said tender document and that it shall continue to be enforceable till you certify that terms and conditions of the said tender document have been fully and properly carried out by the said Bidder and accordingly discharge the guarantee. Unless a demand or claim under this guarantee is made on us in writing on or before the (date) __________ we shall be discharged from all liability under this guarantee.

5. We _______________ Bank Ltd. further agree with you that you have the fullest liberty without our consent and without affecting in any manner our obligations hereunder to vary any of the terms and conditions of the said tender document or to extend time of performance by the said Bidder from time to time or to postpone for any time or from time to time any of the powers exercisable by you against the said Bidder and to forbear or enforce any of the terms and conditions relating to the said tender Document and we shall not be relieved from our liability by reason of any such variation or extension being granted to the said Bidder or for any forbearance act or omission on your part or any indulgence by you to the said Bidder or any such matter or thing whatsoever under the law relating to sureties would but for this provision have effect of so relieving us.

6. It shall not be necessary for DMG to proceed against the Bidder before proceeding against the Bank and the Guarantee herein contained shall be enforceable against the Bank, notwithstanding any security which DMG may have obtained from the Bidder at this time when proceeding is taken against Bank hereunder be outstanding or unrealized.

7. We _______________ Bank Ltd. further undertake to unconditionally pay the amount claimed by DMG merely on demand and without demur to the extent aforesaid.

8. We, the said Bank lastly undertake not to revoke this guarantee during its currency except with the previous consent of DMG in writing and agree that any change in the constitution of DMG or the Bidder or the said Bank shall not discharge our liability hereunder dated ______day of _________20….. _______ for _____________________ Bank Ltd.

Yours faithfully

For …………………………

(Name of the Bank)

# Affidavit Copy

## DECLARATION

Tender No. Date:

I/We hereby declare that I/We am/are not blacklisted by any Central/ State Government/ agency, Central/ State Government, Public Sector Undertaking, or any Regulatory Authorities in India for any fraudulent activities.

We also declare that no legal action is pending against our Company/Agency/ Directors/ Proprietor by any of the regulatory authories or any court of India.

Yours Faithfully,

(Signature of the Bidder, with Official Seal)

**अनुसूची–V**

## <u>घोषणा पत्र</u>

**1.** मैं ........................................................................ संस्था/फर्म .................................................................. .................................. के लिए इस घोषणा पर हस्ताक्षर करने एवं निविदा डालने के लिए प्राधिकृत किया गया/गई हूँ।

**2.** मैंने निविदा की शर्तों को भलीभाँति पढ़ा एवं समझा है एवं उक्त शर्तों को स्वीकार करता/करती हूँ।

**3.** मैं भूतत्व निदेशालय, खान एवं भूतत्व विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा सम्पूर्ण राज्य में किये जाने वाले भूतात्विक अन्वेषण, भूतात्विक स्थल का निरीक्षण, सरकारी कार्य एवं अन्य क्षेत्रीय कार्य सहित निदेशक, भूतत्व हेतु मासिक/दैनिक किराया पर चालक सहित परिचालन हेतु वाहनं उपलब्ध कराने के लिये तैयार/सहमत हूँ।

**4.** इस निविदा के समर्थन में मेरी/ मेरी संस्था के द्वारा दी गई सूचनाएँ सत्य है एवं इसके गलत पाये जाने पर मेरी निविदा को अस्वीकार किया जा सकेगा एवं मेरे एवं मेरी संस्था के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा सकेगी।

**5.** मैं/हम, भूतत्व निदेशालय, खान एवं भूतत्व विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा आपूर्ति आदेश प्राप्त होने के 15 दिनों के भीतर बैंक गारंटी के साथ वांछित वाहन की आपूर्ति भूतत्व निदेशालय को करना सुनिश्चित करेंगे।

**6.** कार्यादेश प्राप्ति के उपरान्त निविदा की शर्तों के उल्लंघन का दोषी पाये जाने की स्थिति में 15 दिनों का नोटिस देकर कार्यादेश को रद्द कर दिया जाएगा।

दिनांक ................................

स्थान ................................

**एजेंसी/प्रतिष्ठान/आवेदक का नाम एवं हस्ताक्षर**